## एक नजर में

### एमेज़ॉन भारत में वॉटर पॉज़िटिव हुआ

**इंदौर.** आज एमेज़ॉन भारत में वॉटर पॉज़िटिव हो गया. यानी कंपनी देश में अपने कॉर्पोरेट ऑफिसों, डेटा सेंटरों और फुलफिलमेंट सेंटरों में जितना पानी इस्तेमाल करती है, उससे अधिक पानी समाज को लौटाती है. एमेज़ॉन का लक्ष्य साल 2027 तक वॉटर पॉज़िटिव बनना था, लेकिन कंपनी ने अपना यह लक्ष्य समय से पहले ही पूरा कर लिया है. यह उपलब्धि कंपनी के ग्लोबल वॉटर स्टुअर्डशिप के सफर में एक बड़ी उपलब्धि है. अभिनव सिंह, वाईस प्रेसिडेंट, ऑपरेशंस, एमेज़ॉन इंडिया, ए.पी.ए.सी, मिडिल ईस्ट एवं तुर्किए ने कहा भारत में वॉटर पॉज़िटिव कंपनी बनना हमारी एक बड़ी उपलब्धि है. इससे हमारे ऑपरेशंस की वॉटर एफिशियंसी बढ़ाने की हमारी सालों की निरंतर प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है, जिसके अंतर्गत हमने झीलों के रेस्टोरेशन से लेकर वॉटरशेड डेवलपमेंट जैसे बड़े सामुदायिक प्रोजेक्ट्स में निवेश किया है.

### नेक्सस इंदौर सेंट्रल और ट्रेजर आइलैंड में सेल

**इंदौर.** इस सीजन नेक्सस इंदौर सेंट्रल और ट्रेजर आइलैंड एंड ऑफ सैडनेस सेल की शुरुआत के साथ रोजमर्रा की जिंदगी में खुशियों के छोटे-छोटे पल जोड़ रहे हैं और पूरे इंदौर को इसका हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं. फैशन, ब्यूटी, डाइनिंग, एंटरटेनमेंट और लाइफस्टाइल ब्रांड्स पर रोमांचक ऑफर्स के साथ, यह एंड ऑफ सैडनेस सेल खरीदारों को जीवन की छोटी-मोटी निराशाओं को पीछे छोड़कर उन अनुभवों को अपनाने के लिए प्रेरित करती है जो उनके चेहरों पर मुस्कान ला सकें। नेक्सस इंदौर सेंट्रल और ट्रेजर आइलैंड में 15 जून से शुरू हो चुकी इस सेल में ग्राहक देश-विदेश के अग्रणी ब्रांड्स पर शानदार डील्स और 50 प्रतिशत तक की भारी छूट का लाभ उठा सकते हैं.

### एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल ने जीता बिग इम्पैक्ट अवॉर्ड

**इंदौर.** एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल, इंदौर को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों और कैंसर की रोकथाम को लेकर चलाए गए प्रभावशाली 'नो टोबैको अवेयरनेस एंड कैंसर प्रिवेंशन' अभियान के लिए बिग एफएम द्वारा स्थापित 'बेस्ट कैंसर हॉस्पिटल- बिग इम्पैक्ट अवॉर्ड 2.0' से सम्मानित किया गया है. मार्च से मई 2026 के बीच संचालित इस अभियान का उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन के गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों के प्रति जागरूक करना और ओरल तथा तंबाकू जनित कैंसर की समय पर जांच के लिए प्रेरित करना था. इस अवसर पर नितिन बमनिया, सीओओ, एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल, इंदौर ने कहा यह सम्मान सतत जागरूकता प्रयासों और सामुदायिक सहभागिता के सकारात्मक प्रभाव का प्रतीक है. इस अभियान के माध्यम से हमारा उद्देश्य केवल लोगों को रोकथाम और समय पर जांच के लिए प्रेरित करना भी था.

### लंबी अवधि में बेहद फायदेमंद है जीवन बीमा

**इंदौर.** जीवन बीमा उद्योग ने जीवन बीमा के प्रति अधिक संतुलित और सही दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया है. उद्योग का मानना है कि इसके दीर्घकालिक लाभ, जिनमें वित्तीय सुरक्षा, जोखिम से बचाव और अनुशासित बचत शामिल हैं. इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी- लाइफ इंश्योरेंस ने ग्राहकों और हितधारकों से आग्रह किया है कि वे जीवन बीमा को केवल तात्कालिक या अल्पकालिक परिणामों के चश्मे से न देखें, बल्कि इसे लंबी अवधि के वित्तीय सुरक्षा माध्यम के रूप में स्वीकार करें. इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी के चेयरमैन कमलेश राव ने कहा जीवन बीमा को इस तरह तैयार किया गया है कि यह वित्तीय सुरक्षा, परिवारों को मिलने वाले संरक्षण और अनुशासित बचत के माध्यम से दीर्घकाल में वास्तविक लाभ प्रदान करता है. हालांकि, मिस-सेलिंग जैसी चिंताएं निश्चित रूप से मौजूद हैं और उद्योग को इनसे सख्ती से निपटना होगा, लेकिन ये इस पूरे इकोसिस्टम का एक बेहद छोटा हिस्सा है.

### दमदार फीचर्स के साथ लॉन्च होगा सैमसंग गैलेक्सी एम47 5जी

**इंदौर.** सैमसंग इंडिया ने अपने लोकप्रिय गैलेक्सी एम सीरीज पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए नए स्मार्टफोन गैलेक्सी एम47 5जी के आगामी लॉन्च की घोषणा की है. युवा उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया गैलेक्सी एम47 5जी, आधुनिक शैली और दमदार हार्डवेयर का एक बेहतरीन संयोजन पेश करता है. यह स्मार्टफोन जितना स्टाइलिश है, प्रदर्शन के मामले में उतना ही सक्षम भी है. चाहे कंटेंट ब्राउज़ करना हो, एक साथ कई काम करने हों या फिर हाई-एंड गेमिंग का आनंद लेना हो, यह हर मोर्चे पर यूज़र्स को एक सहज और इमर्सिव अनुभव प्रदान करेगा. यह स्मार्टफोन एक शक्तिशाली प्रोसेसर, तेज़ रैम और बड़े स्टोरेज से लैस होगा, जो रोजमर्रा के सामान्य कार्यों से लेकर भारी उपयोग के दौरान भी बिना किसी रुकावट के स्मूथ परफॉर्मेंस सुनिश्चित करेगा.

### कलर्स के सितारों ने साझा की अपने खास यादें

**इंदौर.** 'दो दुनिया एक दिल' में बलदेव सिंह चौहान का किरदार निभा रहे सुधांशु पांडेय साझा करते हैं, मेरे लिए फादर्स डे कभी बड़े जश्न का दिन नहीं रहा. मेरी सबसे प्यारी यादें हमेशा साधारण पलों से जुड़ी हैं. 'बरेली के बच्चन' में अजब सिंह का किरदार निभा रहे यशपाल शर्मा साझा करते हैं पिता होने का सबसे बड़ा सबक यही है कि कब सुरक्षा देनी है, कब मार्गदर्शन करना है और कब पीछे हट जाना है. 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' से जुड़े सुदेश लहरी साझा करते हैं- लोग मुझे अक्सर कॉमेडी के लिए जानते हैं, लेकिन म्यूज़िक हमेशा मेरी ज़िंदगी के केंद्र में रहा है. वर्ल्ड म्यूज़िक डे पर मैं उन सभी महान गीतकारों, कंपोज़र्स और गायकों को नमन करता हूँ जिन्होंने हमें ऐसी धुनें दीं जो पीढ़ियों तक ज़िंदा रहती हैं. 'बरेली के बच्चन' में कृष्णा का किरदार निभा रहे प्रविष्ट मिश्रा साझा करते है वर्ल्ड म्यूज़िक डे पर मैं हर उस गीत के लिए आभारी हूँ जो याद बना, हर देर रात की गिटार सेशन के लिए और हर उस इंसान के लिए जिसने म्यूज़िक के ज़रिए मुझसे जुड़ाव महसूस किया. 'डॉ. आरंभि' में आरंभि का किरदार निभा रही ऐश्वर्या खरे साझा करती हैं इंटरनेशनल योगा डे पर मेरी यही कामना है कि हर कोई थोड़ा समय खुद के लिए निकाले और इस अभ्यास से मिलने वाली शांति को महसूस करे.

# राजवाड़ा पर ट्रैफिक विभाग की कार्रवाई बेअसर

**▸ अवैध ई-रिक्शा स्टैंड से फिर लौटी अव्यवस्था**

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. शहर के प्रमुख व्यावसायिक और ऐतिहासिक क्षेत्र राजवाड़ा में यातायात व्यवस्था सुधारने के दावों की पोल एक बार फिर खुलती नजर आ रही है. यातायात अभियान और विभागीय दावों के बावजूद राजवाड़ा क्षेत्र में अवैध ई-रिक्शा संचालन और जाम की समस्या पहले जैसी ही बनी हुई है.**


अवैध स्टैंड रोड तक लगी रिक्शा


चालानी कार्रवाई में व्यस्त ट्रैफिक कर्मी

राजवाड़ा के एक हिस्से में ई-रिक्शा चालकों ने खुलेआम अवैध स्टैंड बना लिया है. हालात ऐसे हैं कि सड़क तक ई-रिक्शा खड़े कर सवारियां भरी जा रही हैं, जिससे दिनभर यातायात प्रभावित हो रहा है. सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह सब प्रशासन और यातायात विभाग की नजरों के सामने हो रहा है, लेकिन कार्रवाई नदारद है. वहीं, दूसरी ओर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया राजवाड़ा शाखा के सामने कई ट्रैफिक पुलिसकर्मी एक साथ चालानी कार्रवाई में व्यस्त दिखाई देते हैं. स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग का पूरा ध्यान राजस्व बढ़ाने वाले चालानों पर है, जबकि जाम जैसी मूल समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है. कुछ माह पहले ट्रैफिक विभाग ने बड़े स्तर पर अभियान चलाकर राजवाड़ा सर्कल से ई-रिक्शाओं को हटाने की कार्रवाई की थी. उस समय व्यवस्था सुधारने के दावे किए गए और विभाग ने इसकी सफलता का व्यापक प्रचार भी किया. लेकिन अब स्थिति देखकर सवाल उठ रहे हैं कि वह अभियान केवल दिखावा था या फिर कार्रवाई के बाद निगरानी व्यवस्था पूरी तरह विफल हो गई.

**कलर कोड व्यवस्था केवल कागजों तक:** ई-रिक्शाओं के लिए लागू की गई कलर कोड व्यवस्था भी कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है. न तो चालक निर्धारित नियमों का पालन कर रहे हैं और न ही विभाग उल्लंघन करने वालों पर कोई सख्त कदम उठा रहा है. परिणामस्वरूप नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं और आम जनता जाम की समस्या से जूझने को मजबूर है.

**समय रहते कार्रवाई नहीं तो बिगड़ेगी व्यवस्था**

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यदि ट्रैफिक विभाग ने समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की तो राजवाड़ा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा सकती है. नागरिकों का सवाल है कि जब अभियान के दौरान व्यवस्था बनाई जा सकती थी, तो उसे बनाए रखने में विभाग क्यों असफल साबित हो रहा है? अब बड़ा सवाल यह है कि ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के नाम पर चलाए गए अभियान केवल वाहवाही बटोरने तक सीमित थे या फिर विभाग वास्तव में राजवाड़ा को जाम और अव्यवस्था से मुक्त कराने के लिए गंभीर है.

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शहर में कई जगह कार्यक्रम

**▸ मुख्य आयोजन बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में होगा**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शहर में कई जगह कार्यक्रम होंगे. मुख्य आयोजन बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स और गोपुर चौराहे पर होगा, जिसमें हजारों लोग सुबह योग करेंगे.**

रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है. इस मौके पर शहर में कई जगह योग कार्यक्रम होंगे. मुख्य आयोजन बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में सुबह 6 बजे से आयोजित होगा. स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उईके भाग लेंगे. इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी दिखाया जाएगा. इसके बाद योग का कार्यक्रम होगा. उक्त कार्यक्रम जिला प्रशासन, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग और नगर निगम द्वारा आयोजित किया जा रहा है. इसके अलावा पश्चिम क्षेत्र के गोपुर चौराहा पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की मौजूदगी में योग दिवस मनाया जाएगा. करीब 10 हजार लोग एक साथ योग करेंगे. योग मित्र वेबसाइट का लोकार्पण भी होगा. कार्यक्रम सुबह 6 बजे 8 बजे तक आयोजित होगा.

इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा योगासनों की भक्तिमय एवं आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएगी. साथ ही योग का स्वास्थ के लिए सामूहिक योग अभ्यास कराया जाएगा. योग सत्र का संचालन योग प्रशिक्षक राकेश चौधरी एवं इंदौर की बेटी मिसेज इंडिया 2023 चेतना जोशी करेगी. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा इंदौर को विश्व कीर्तिमान स्थापित करने में सहभागी बनें.

# पितृपर्वत में सीएम व केंद्रीय मंत्री ने किया त्रिवेणी पौधारोपण

**▸ प्रदेश की खुशहाली की कामना**

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ पितृ पर्वत स्थित पितरेश्वर हनुमान धाम में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की. दोनों नेताओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान हनुमान के दर्शन किए और धाम परिसर में स्थापित 72 फीट ऊंची अष्टधातु निर्मित हनुमान प्रतिमा का अवलोकन किया.**



मंदिर दर्शन से पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने अपने दिवंगत माता-पिता की स्मृति में नीम, पीपल और बरगद के त्रिवेणी पौधे रोपे. इस दौरान गौसेवा करते हुए गौ माता को रोटी खिलाई तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. मुख्यमंत्री ने नागरिकों से वर्षा ऋतु में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण करने का आह्वान किया. कार्यक्रम में नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अनेक जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे. पितृ पर्वत स्थित पित्रेश्वर हनुमान धाम अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विशेषताओं के कारण श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना हुआ है.














